
# मरीजों की जान बचाने 26 लोगों ने किया रक्तदान

▸ बेगमगंज के सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 30 जुलाई. नगर की समाजसेवी संस्था स्वर संगीत एवं स्वास्थ्य सेवा समिति के तत्वाधान में सिविल अस्पताल में एसडीएम प्रियंका भलावी के मुख्य अथ्तित, एसडीओपी सोनाली गुप्ता के विशेष अथ्तित एवं बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर की अध्यक्षता में लगे रक्तदान शिविर में 26 समाजसेवियों ने रक्तदान किया.**



युवाओं एवं समाजसेवियों ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान करके एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए सभी ने यह सिद्ध कर दिया के किसी का जीवन बचाना है तो रक्तदान करना बहुत जरूरी है. कार्यक्रम के सूत्रधार समिति प्रमुख जितेंद्र सिंह तोमर ,रेखा ठाकुर, पवन दुबे, भरत सिंह, सुनील सोनी, राजेश्वरी तोमर, सुषमा तोमर, मनमोहन सिंह तोमर इत्यादि ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया. सभी 30 रक्तदानदाता रोहित सोनी, बासु वाल्मिक, प्रकाश राजपूत, पवन दुबे, सचिन कुमार सेन, सिद्धार्थ भाईजी, दिव्यांश मुनोट, सतीश शर्मा, धन सिंह लोधी, अंकुर श्रीवास्तव, आशीष कुमार पटेल, अनीता, अजब सिंह लोधी सुनील यादव, सुनील कुमार सोनी ,भगत सिंह लोधी, लोकेश शर्मा,जय सिंह, प्रणव प्रताप सिंह अप्पू ,मनमोहन सिंह तोमर, मनोज साहू ,कृष्णा मिश्रा, राहुल तिवारी, बृजेश लोधी, राहुल अहिरवार का अतिथियों द्वारा पुष्पमाला से स्वागत करते हुए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया.

# घर में बंधी भैंस पिकअप में भरकर ले गए चोर

▸ पुलिया से टकराने पर पिकअप छोड़कर फरार हुए आरोपी, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सांची, 30 जुलाई. क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार तड़के अज्ञात चोर एक घर के पीछे बंधी भैंस को पिकअप वाहन में भरकर ले गए।सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन का पीछा किया और पिकअप सहित भैंस को बरामद कर लिया. हालांकि आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.**



पुलिस के अनुसार काछी कानाखेड़ा निवासी डालचंद पिता बालमुकुंद कुशवाहा (32) ने गुरुवार सुबह करीब चार बजे सूचना दी कि उनके घर के पीछे भैंस और उसका बछड़ा बंधा था. सुबह उठकर देखने पर भैंस गायब मिली. बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि कुछ लोग भैंस को पिकअप वाहन में भरकर ले जा रहे हैं. उन्होंने तत्काल डायल-112 को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरियादी तथा उसके भांजे को साथ लेकर पिकअप का पीछा किया. ग्राम मेहगांव के समीप हाईवे पर पिकअप वाहन असंतुलित होकर पुलिया से टकरा गया. पुलिस को आता देख आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए. पुलिस ने पिकअप क्रमांक एमपी-04-जीए-5590 को जब्त कर उसमें लदी भैंस को सुरक्षित बरामद कर लिया. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सांची में अपराध क्रमांक 169/2026 के तहत धारा 305 बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है. पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

## एक नजर में

### कोटवारों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



**रायसेन, 30 जुलाई.** रायसेन स्थित डाइट भवन में गुरूवार को होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कोटवारों को नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट उमेश तिवारी द्वारा कोटवारों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, नागरिक सुरक्षा, आपातकालीन सूचना तंत्र तथा प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के संबंध में जानकारी दी गई. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और किसी भी आपदा की सूचना समय पर पहुंचाने तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बेहद अहम होती है. प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक जानकारी भी दी गई.



### दो जूनियर इंजीनियर बने सहायक अभियंता

**बेगमगंज, 30 जुलाई.** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी (मध्य क्षेत्र) बेगमगंज के जूनियर इंजीनियर भूरेलाल शाक्य को शहरी क्षेत्र का सहायक अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर नीरज गुप्ता को बेगमगंज ग्रामीण, सिलवानी एवं गैरतगंज तहसील का सहायक अभियंता विभाग द्वारा पदस्थ किया गया है. दोनों अधिकारियों को विभाग द्वारा सौंपे गए सभी दायित्वों का पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ करते हुए , राजस्व वसूली में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोनों इंजीनियर को उपकृत किया गया है. जिसको लेकर सहयोगी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है. गुरुवार को विद्युतकर्मियों , समाजसेवियों एवं मीडियाकर्मियों द्वारा नवनियुक्त सहायक अभियंता भूरेलाल शाक्य एवं नीरज गुप्ता का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत करते हुए मिष्ठान वितरण किया.



### सांदीपनि विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण

बेगमगंज, 30 जुलाई. गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रियंका भलावी द्वारा निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया. एसडीएम के निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संबंधित इंजीनियर भी उपस्थित रहे. उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री तथा विभिन्न निर्माणाधीन भागों का विस्तृत अवलोकन किया गया. इस दौरान भवन के कक्षों, बरामदों, सीढ़ियों, विद्युत एवं जल आपूर्ति व्यवस्था, स्वच्छता संबंधी सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों की भी प्रगति की जानकारी ली गई. अनुविभागीय अधिकारी भलावी द्वारा संबंधित इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए.

# सरस्वती विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

▸ विद्यालय में संस्कार, शिक्षा, प्रेरणा पर केंद्रित रहा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 30 जुलाई. नगर के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय सिलवानी में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मां सरस्वती एवं गुरु वंदना की.**




इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था विकसित करना और विद्यालयों में सकारात्मक एवं संस्कारमय शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिखर प्रणेता, इतिहास रत्नाकर, अध्यात्म रत्न बाल ब्रह्मचारी संत बसंत महाराज ने विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और संस्कारों पर चर्चा की. गुरुदेव बसंत महाराज ने वर्ष भर स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया. 29 जुलाई को 'गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद' के माध्यम से में सभी विद्यार्थी को अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे. सुन्दर पंक्तियों के माध्यम से बसंत जी महाराज ने विद्यार्थियों को सत्य-असत्य एवं न्याय-अन्याय, पाप- पुण्य का पाठ सिखाया. इसके साथ ही सरस्वती विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी, का प्रदर्शन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी, विद्यार्थियों द्वारा अटल टिंकरिंग लैब में डिजिटल/ एआइ का प्रदर्शन जैसे आयोजन किए गए. गुरु पूर्णिमा के दौरान बौद्धिक गतिविधि आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित न हो. इसके अलावा गुरुदेव ने सभी विद्यार्थियों को गुरु सम्मान, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया.



# क्षेत्र को लेकर विवाद, किन्नरों ने थाना प्रभारी को सौंपा

▸ जान से मारने की धमकी का आरोप, सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सांची, 30 जुलाई. सांची और रायसेन के किन्नर समुदाय के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर चल रहा विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है. सांची के किन्नर समुदाय ने थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर रायसेन के कुछ किन्नरों पर जान से मारने की धमकी देने तथा उनके क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है.**

ज्ञापन में सांची के किन्नरों ने आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्षों से रायसेन के कुछ किन्नरों द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं. ज्ञापन में गीता, तमन्ना, नायक, हीना और सकीला (निवासी रायसेन) के नामों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि 28 जुलाई को भी उनके साथ मारपीट का प्रयास किया गया. साथ ही उनके क्षेत्र में अवैध वसूली करने तथा वाहन रोककर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है.

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि उनके विरुद्ध विभिन्न थानों में झूठी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं. सांची के किन्नरों ने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में उनके या उनके साथियों के साथ कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी ज्ञापन में नामजद व्यक्तियों की होगी. फिलहाल पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है. दोनों पक्षों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी. मामला अब पुलिस जांच के दायरे में है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएगी.

# अष्टाह्निका महापर्व में नंदीश्वर महामंडल हुआ

▸ श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के प्रवचनों का लिया लाभ

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 30 जुलाई. नगर में चल रहे पावन अष्टाह्निका महापर्व के अंतर्गत नंदीश्वर महामंडल विधान श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो रहा है. मुनिश्री मार्दव सागर महाराज एवं मुनि श्री सहजानंद सागर महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु विधान में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं.**



विधान का संचालन नवीन भैया (जबलपुर) द्वारा किया जा रहा है, जबकि संगीतकार अतिशय जैन अपने मधुर स्वर में पूजन एवं विधान का संचालन कर रहे हैं.

इस अवसर पर मुनिश्री मार्दव सागर महाराज एवं मुनिश्री सहजानंद सागर महाराज ने प्रवचनों में धर्म, संयम और आत्मकल्याण का संदेश देते हुए जीवन में सदाचार अपनाने की प्रेरणा दी. महापर्व के दौरान प्रतिदिन सायंकाल मंगल आरती का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें समाजजन परिवार सहित शामिल होकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं.

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर दिया संदेश

**बेगमगंज, 30 जुलाई.** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर डॉक्टरों द्वारा हेपेटाइटिस ए , बी, सी, डी एवं ई के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सीबीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर ने बीमारी के कारण लक्षण , बचाव एवं समय पर जांच उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला.

उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस गंभीर रोग है जो सीधे लीवर (यकृत) को प्रभावित करता है. यदि समय रहते इसकी पहचान कर उपचार नहीं कराया गया तो लीवर खराब हो सकता है. जिससे जान जाने का खतरा बढ़ जाता है. लीवर सिरोसिस , लिवर फैलियर और लीवर कैंसर जैसी जानलेवा स्थितियों का कारण बन सकता है.

# दो बार टोकन कटवाया, फिर भी नहीं मिला यूरिया

▸ मुशकाबाद के किसान ने सीएम हेल्पलाइन में लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 30 जुलाई. रायसेन जिले में खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान को सहेजने में लगे किसान इस समय खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं. सांची विकासखंड के ग्राम मुशकाबाद से खाद वितरण प्रणाली में अव्यवस्था का एक गंभीर मामला सामने आया है.**



यहाँ के किसान शमीम खान ने आरोप लगाया है कि दो-दो बार टोकन की प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद उन्हें यूरिया खाद मुहैया नहीं कराई जा रही है.

पीड़ित किसान शमीम के अनुसार खरीफ फसलों के लिए डीएपी और यूरिया की आवश्यकता है. जब वे खाद वितरण केंद्र पहुँचे, तो समिति कर्मचारियों ने उन्हें यूरिया देने से साफ इनकार कर दिया और केवल एक बोरी डीएपी थमा दी.

# चार धाम से लौटे युवाओं का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 30 जुलाई. नगर के युवाओं का 15 दिवसीय चार धाम एवं प्रमुख तीर्थ यात्रा पर गया जत्था बुधवार को लौट आया. यात्रा से लौटने पर श्रद्धालुओं का नगर में स्वागत किया गया. समाजसेवियों ने यात्रियों का तिलक लगाकर, श्रीफल भेंट कर एवं शुभकामनाएं देकर उनका सम्मान किया.**

तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद सभी श्रद्धालुओं ने बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर, मां विजयासन मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर तथा कांठिया मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया.



श्रद्धालुओं ने यात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया. यात्रा में मुकेश साहू, आयुष साहू, श्रेयांश चौरसिया, नीतेश चौरसिया, शिवम सोनी, रीतेश साहू, दिनेश सेन, योगेश कुलकर्णी सहित अन्य युवा शामिल रहे. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार, ऋषिकेश और माता वैष्णो देवी सहित अनेक प्रमुख धार्मिक एवं पवित्र स्थलों के दर्शन किए. श्रद्धालुओं ने विभिन्न तीर्थस्थलों पर विधिवत पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश एवं विश्व में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की.

# भाजपा पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न

**बेगमगंज, 30 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा की संयुक्त बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय में हुई. बैठक में जिला महामंत्री केशव पटेल ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री तथा देश के खिलाफ विभिन्न प्रकार के षड्यंत्र किए जा रहे हैं. ऐसे प्रयासों का पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक रूप से मजबूती के साथ जवाब देगा. अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्दीकी सिद्धिक ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है.

**बाघ संरक्षण** ▸ अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर निकाली जागरुकता बाइक रैली

# बाघ जंगलों की शान, इन्हें बचाना हमारा काम

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 30 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया. रैली का नेतृत्व उपवनमण्डलाधिकारी सिलवानी इन्दर सिंह बारे ने किया.**



इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेन्द्र कुमार पालेचा, वन परिक्षेत्र अधिकारी जैथारी रोहित पटेल सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. बाइक रैली वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी कार्यालय से प्रारंभ होकर बजरंग चौराहा एवं बस स्टैंड होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई. रैली के माध्यम से नागरिकों को बाघ संरक्षण एवं वन्यजीवों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया.

इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाघ बचाओ, जीवन बचाओ, बाघों का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी, बाघ हैं तो वन हैं, वन हैं तो जीवन है, आओ मिलकर शपथ लें, बाघों की रक्षा करें, जंगल के शेर बचाओ, प्रकृति को नष्ट होने से बचाओ तथा शेर वनों की शान हैं, इन्हें बचाना हमारा काम है जैसे प्रेरणादायी संदेश दिए. वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र के प्रतीक हैं. बाघों का संरक्षण प्रकृति के संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने नागरिकों से वन्यजीवों एवं वनों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया.

# बारिश की बेरुखी से बिहार के मजदूरों पर संकट

▸ धान की रोपाई ठप होने से मजदूरों का रोजगार छिना

अदनान खान

**सलामतपुर, 30 जुलाई. रायसेन जिले के सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़िया, दीवानगंज क्षेत्र में कमजोर मानसून ने भीषण संकट खड़ा कर दिया है. पर्याप्त बारिश न होने के कारण एक ओर जहां धान की रोपाई का काम लगभग ठप हो गया है, वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर बिहार से आए प्रवासी मजदूरों की आजीविका पर पड़ा है.**

हर साल की तरह इस बार भी बिहार से बड़ी संख्या में मजदूर धान रोपाई की उम्मीद में यहां पहुंचे थे, लेकिन बारिश न होने से उन्हें लगातार काम नहीं मिल पा रहा है.

रोजगार की आस में मध्य प्रदेश आए मजदूरों के सामने अब खाने-पीने और रहने का गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. मजदूरों का कहना है कि जो थोड़े-बहुत पैसे वे अपने घर से बचाकर लाए थे, वे अब धीरे-धीरे रोज़मर्रा के खर्चों में खत्म हो रहे हैं. कई मजदूरों को हफ्ते में केवल एकाध दिन ही काम मिल पा रहा है. निराश होकर कई श्रमिक वापस अपने गाँव लौट चुके हैं, जबकि कुछ मजदूर इस उम्मीद में रुकने को मजबूर हैं कि जल्द अच्छी बारिश होगी और रोपाई शुरू हो सकेगी.

### खेतों में पड़ीं दरारें, पीले पड़ रहे धान के पौधे

दूसरी ओर,किसान चिंतित हैं. जिन किसानों ने समय पर धान की पौध (नर्सरी) तैयार कर ली थी, उनकी फसल अब पानी के अभाव में सूखने लगी है. खेतों में दरारें साफ देखी जा सकती हैं और पौधे पीले पड़ रहे हैं. यद्यपि कुछ किसान ट्यूबवेल और निजी साधनों के सहारे सिंचाई की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार गिरते जलस्तर के कारण यह पर्याप्त साबित नहीं हो पा रहा है. कई किसानों ने तो पानी की कमी को देखते हुए अब तक रोपाई शुरू ही नहीं की है.